दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 241 मुरादाबाद, 21 December 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## संक्षिप्त समाचार



### NDA के सांसद कार्यवाही में एक घंटे खड़े रहेंगे, सभापति के सम्मान में लिया गया फैसला

संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर विपक्ष आक्रमक हो गया है। 13 दिसंबर की घटना को लेकर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसद अड़े हुए हैं। इसी बीच, सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालने के आरोप में विपक्षी सांसदों को संसद के शेष शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया है। जिसके बाद से ही विपक्षी सांसद आक्रमक हो गए हैं। सत्ता और विपक्ष के बीच तू-तू मैं-मैं के बीच शुक्रवार को शुरू हुई निलंबित करने की कार्रवाई मंगलवार को भी जारी रही। अब तक 141 विपक्षी सांसदों को संसद के शेष शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया है। इसी बीच, लोकसभा सचिवालय ने निलंबित सांसदों को लेकर एक सर्कुलर जारी किया है। संसद परिसर में निलंबित सांसदों के हंगामे के बीच लोकसभा सचिवालय ने एक सर्कुलर जारी किया।लोकसभा की कार्यवाही के दौरान तख्तियां दिखाने के आरोप में विपक्ष के दो अन्य सांसदों को निलंबित किया गया है। सांसद सी थॉमस और ए एम आरिफ को निलंबित किया गया है। शीतकालीन सत्र के दौरान अब तक 143 सासंद निलंबित किए जा चुके हैं। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री मामले में लोकसभा और राज्यसभा की आचार समितियों में शिकायत दर्ज कराई गई है। इसमें टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी, राहुल गांधी समेत कई विपक्षी सांसदों को निष्कासित करने की मांग की गई है।

## बस्ती में सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ, सीएम योगी बोले- हर गांव में होगा स्टेडियम

दस दिवसीय सांसद खेल महाकुंभ के आयोजन को लेकर स्टेडियम परिसर सज-धज कर तैयार हो गया है। परिसर में अतिथियों के लिए भव्य मंच बनाया गया है। भीड़, कार्यकर्ता और खेल प्रेमियों के बैठने के लिए व्यवस्था की गई है। बस्ती जिले में सांसद खेल महाकुंभ के जिला स्तरीय आयोजन का शुभारंभ 20 दिसंबर को शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम परिसर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी थे। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब एक घंटे विलंब से सांसद खेल महाकुंभ कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश से इंसेफेलाइटिस समाप्त हो रहा है। 40 वर्ष में पूर्वी उत्तर प्रदेश के 50 हजार बच्चों को निगल लिया था। उसे प्रधानमंत्री मोदी के संकल्पों के अनुरूप समाप्त कर दिया गया है। पीएम के साथ खेल कूद महाकुंभ प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में आयोजित हो रहे हैं। पीएम मोदी खिलाड़ियों से मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस आयोजन को प्रोत्साहित किया



है। प्रदेश ने संकल्प लिया है कि खेल व खिलाड़ियों को आगे बढाएंगे। हर गांव में होगा स्टेडियम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में हम एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। जहां चेहरा देखकर नहीं बल्कि सभी वर्ग को शासन की योजनाओं का भागीदार बनाया जा रहा है। देश के अंदर सामर्थ्य प्रदान किया जा रहा है। पांच सौ खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी, नायब तहसीलदार जैसे पदों पर नौकरी दी गई है। खेल कोटे से पांच सौ पद के लिए जल्द आवेदन मांगे जाएंगे। जो खिलाड़ी मेडल प्राप्त करेगा उसे सरकारी नौकरी और आजीवन भरण पोषण की व्यवस्था की जाएगी। कहा कि प्रत्येक जिले में एक खेल सेंटर बनाने का काम चल रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, संगठन महामंत्री धर्मपाल, प्रभारी मंत्री राकेश सचान, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के गिरीश चंद्र यादव, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय आदि मौजूद रहे।

सांसद खेल महाकुंभ का उद्घाटन करने आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि भारत में साढ़े 13 करोड़ परिवार गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। गरीबी दशमलव एक प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। स्टील एक्सपोर्ट में चौथे नंबर पर थे पर अब दूसरे नंबर पर आ गए हैं। धनतेरस के दिन 55 लाख गाड़ियां खरीदी गईं, यह भारत का विकास है। कहा कि पहले रक्षा उपकरण हमें आयात करना पड़ता था पर अब भारत ये उपकरण खुद बना रहा है। आज बुलेट प्रूफ जैकेट हम एक्पोर्ट कर रहे हैं। पांच लाख बुलेट प्रूफ जैकेट पुलिस बलों को उपलब्ध कराए गए। देश को चलाने के लिए नेतृत्व, नीति, नियति और कार्यक्रम बहुत अहमियत रखते हैं। सवाल किया कि क्या कारण था कि पिछले 70 सालों में इतने मेडल नहीं ला पाया और क्या कारण है कि एशियन गेम्स में अब मेडल्स की झड़ी लग गई है। उन्होंने कहा कि भारत को इंडिया के दायरे से निकालकर भारत के दायरे में लाकर पहुंचा दिया है। जब इंडिया की बात होती थी तो खिलाड़ी मुंबई, दिल्ली जैसे बड़े शहरों से आते थे। अब खिलाड़ी सिर्फ बड़े शहरों से से नहीं आते अब गांव, किसानों के परिवार से निकलकर खिलाड़ी आते हैं। 2014 में 1219 करोड़ था, अब 3397 करोड़ रुपये का बजट है। अब लक्ष्य रखकर गोल्ड, सिल्वर और जीतने का काम किया और इसमें कामयाबी मिली। अब इनकी विदेश में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। विश्व स्तर के खेलों के उपकरण खिलाडियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। ओलंपिक की तैयारी करने वाले प्रत्येक खिलाड़ियों को 50 हजार रुपये महीने सरकार दे रही है। हर पंचायत स्तर पर ओपेन जिम होगा।

## मैं हवन में आहुति दे दूंगा अपनी मिमिक्री पर भड़के उपराष्ट्रपति, राहुल गांधी को खूब सुनाया


राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाए जाने का मामला अब तूल पकड़ रहा है। उपराष्ट्रपति ने इसको लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने राहुल गांधी को राज्यसभा में जमकर सुनाया। धनखड़ ने कहा कि खरगे जी की चुप्पी मेरे कानों में गूंज रही है। वह नेता विपक्ष और कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। सबको पता है क्या कुछ हो रहा है। टीएमसी सांसद द्वारा अपना मजाक उड़ाए जाने को लेकर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की कड़ी प्रतिक्रिया



सामने आई है। दरअसल, संसद परिसर में मंगलवार को टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी उपराष्ट्रपति की मिमिक्री कर रहे थे। उसी वक्त, कांग्रेस नेता राहुल गांधी हंसते हुए टीएमसी सांसद का वीडियो बना रहे थे। संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेर रही कांग्रेस इस मुद्दे पर खुद ही घिर गई है। बीजेपी नेता जहां कांग्रेस पर निशाना साध रहे हैं। वहीं, अब उपराष्ट्रपति ने भी इसको लेकर राहुल गांधी को जमकर सुनाया है।मिमिक्री पर भड़के सभापति- राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान सभापति जगदीप धनखड़ अपनी मिमिक्री को लेकर काफी दुखी दिखे। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी के साथ ही कांग्रेस को भी आड़े हाथ लिया। धनखड़ ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह से कहा, आप अनुभवी नेता हैं। आप कहते हो कि 138 साल पुरानी पार्टी हो, क्या हुआ है? आपको सब पता है। आपकी चुप्पी मेरे कानों में गूंज रही है। खरगे जी की चुप्पी मेरे कानों में गूंज रही है। वह नेता विपक्ष और कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। सबको पता है क्या कुछ हो रहा है। आपको अंदाजा होना चाहिए कि यदि कोई व्यक्ति वीडियोग्राफी कर आनंद लेता है, एंप्लीफाइ करता है, ये संस्कार हैं क्या? यहां तक स्तर आ गया है क्या? ...तो मैं आहुति दे दूंगा- जगदीप धनखड़ यही नहीं रुके। अपनी पीड़ा बताते हुए उन्होंने आगे कहा, दिग्विजिय सिंह जी, मेरी बात सुन लीजिए। जगदीप धनखड़ की कितनी बेइज्जती करो, मुझे कोई चिंता नहीं है। भारत के उपराष्ट्रपति की, किसान समाज की, मेरे वर्ग की... मैं पूरी आहुति दे दूंगा हवन में। मैं खुद की परवाह नहीं करता। मेरी बेइज्जती कोई करता है, मैं सहन करता हूं। मैं खून का घूंट पीता हूं। मैं ये बर्दाश्त कभी नहीं करूंगा कि मेरे पद की गरिमा को सुरक्षित नहीं रख पाया। सदन की गरिमा और इस पद की गरिमा को सुरक्षित रखना मेरा काम है। आप अंदाजा नहीं लगा सकते, क्या हुआ है?

## मुझे संसद में बोलने की अनुमति नहीं...क्योंकि मैं, कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- जाति को हर मुद्दे में घसीटना ठीक नहीं

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि जब उन्हें राज्यसभा में बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है तो क्या उन्हें भी जाति का मुद्दा उठाना चाहिए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल पर विवाद के बीच उन्होंने कहा जाति को हर मुद्दे में नहीं घसीटा जाना चाहिए और आश्चर्य जताया कि क्या उन्हें भी हर बार अपने दलित मूल का मुद्दा उठाना चाहिए। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल पर



बुधवार को राज्यसभा के अंदर और बाहर दोनों ही जगह घमासान दिखा। सांसदों के निलंबन के खिलाफ संसद की सीढ़ियों पर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति धनखड़ का उपहास बनाया गया। कल्याण बनर्जी द्वारा मिमिक्री करने के बाद मंगलवार को राजनीतिक विवाद पैदा हो गया, जिसकी सत्तारूढ़ भाजपा ने कड़ी निंदा की। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल पर बुधवार को राज्यसभा के अंदर और बाहर दोनों ही जगह घमासान दिखा। सांसदों के निलंबन के खिलाफ संसद की सीढ़ियों पर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति धनखड़ का उपहास बनाया गया। कल्याण बनर्जी द्वारा मिमिक्री करने के बाद मंगलवार को राजनीतिक विवाद पैदा हो गया, जिसकी सत्तारूढ़ भाजपा ने कड़ी निंदा की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि जब उन्हें राज्यसभा में बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है तो क्या उन्हें भी जाति का मुद्दा उठाना चाहिए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल पर विवाद के बीच उन्होंने कहा, जाति को हर मुद्दे में नहीं घसीटा जाना चाहिए

## रेलवे और मेट्रो स्टेशनों पर शराब बेचने पर अखिलेश का तंज, भाजपा के पास अर्थव्यवस्था के लिए यही रास्ता बचा

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि क्या भाजपा सरकार के पास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन की बनाने के लिए सिर्फ यही एक रास्ता बचा है। अगर भाजपाई समझते हैं कि शराबखोरी इतनी ही अच्छी है तो अपने कार्यालयों से बेचें।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी सरकार द्वारा प्रदेश के रेलवे और मेट्रो स्टेशनों पर प्रीमियम ब्रांड शराब बेचने की अनुमति देने पर कहा कि क्या अब भाजपा सरकार के पास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन बनाने के लिए यही रास्ता बचा है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब तो यही हुआ कि प्रदेश में लाखों-करोड़ों के निवेश का जो दावा किया गया वो झूठा है।उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है कि प्रिय प्रदेशवासियों, उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार के पास 1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए क्या यही एक रास्ता बचा है कि शराब रेलवे,



मेट्रो स्टेशन व क्रूज पर बेची जाए। इसका मतलब ये हुआ कि लाखों-करोड़ों के निवेश के जो भी दावे किए गए थे, वो सब झूठे साबित हुए हैं, तभी तो सरकार ऐसे अनैतिक रास्तों को अपना रही है। आज शराब बिक रही है कल को दूसरे और भी मादक पदार्थ सार्वजनिक जगहों पर बेचे जाएंगे।अगर भाजपाई समझते हैं कि शराबखोरी इतनी ही अच्छी है तो अपने कार्यालयों से बेचें, सार्वजनिक स्थलों को अराजकता और अपराध का केंद्र न बनाएं। सरकार ऐसे फैसलों से घर-परिवार को बर्बाद न करे। महिलाएं और बच्चे जानते हैं कि शराब किस प्रकार घरेलू हिंसा से लेकर सार्वजनिक हिंसा का कारण बनती है और युवाओं के लिए घातक साबित होती है। इस फैसले के विरोध में प्रदेश की महिलाएं, परिवारवाले और युवा, भाजपा को हटाने का फैसला करेंगे। शराब और अपराध का गहरा संबंध होता है। ये भाजपा राज में अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के जीरो हो जाने का एक और उदाहरण बनेगा।

## ओमप्रकाश राजभर बोले, इस बार मंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता, जहां पर भी रहता हूं सीना ठोक कर रहता हूं, सपा मुस्लिम विरोधी

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने चंदौसी में बड़े दावे किए। उन्होंने प्रेसवार्ता में समाजवादी पार्टी को भाजपा की सहयोगी टीम बताया। वहीं लोकसभा चुनाव में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाने की बात भी कही। ओपी राजभर ने कहा कि इस बार वे मंत्रिमंडल में शामिल होंगे। इस बार उनको मंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता। जब भी मंत्री मंडल का विस्तार होगा तो ओमप्रकाश राजभर मंत्री बनेगा। जहां पर भी रहता हूं सीना ठोक कर ही रहता हूं। समाजवादी पार्टी भाजपा की सहयोगी पार्टी है, पांच राज्यों के चुनाव में कांग्रेस को हराने में भाजपा का ही सहयोग किया। तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनेंगे। यह बात सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रेमशंकर मौर्य के आवास लोधियान मुहल्ला में प्रेसवार्ता के दौरान कहे। राजभर ने कहा- प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए में शामिल रहेंगे। उत्तर प्रदेश की सभी सीटों के साथ तीन सौ प्लास सीटों पर एनडीए व सहयोगी पार्टी का ही कब्जा रहेगा। लोकसभा चुनाव में सीटों को वटवारे को लेकर कोई मतभेद नहीं होगा। उनका मकसद तीसरी बार भी नरेंद्र



मोदी को ही प्रधानमंत्री बनाना है। राजभर भी मंत्रिमंडल में शामिल होंगे- ओपी राजभर ने कहा कि जिस दिन भी मंत्री मंडल का प्रदेश में विस्तार होगा। तो राजभर भी उस मंत्रिमंडल में शामिल होंगे। उनको इस बाद मंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता है। क्योंकि राजभर जहां भी रहता है सीना ठोक कर ही रहता है। इडी आदि कार्रवाई से बचने के लिए विपक्षियों ने गठबंधन किया है। विपक्षियों का गठबंधन भी तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने से नहीं रोक पाएगा। सपा पर साधा निशाना- ओपी राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी भाजपा की सहयोगी पार्टी है, वह भाजपा को जिताने का काम करती है। पांच राज्यों के चुनाव में सपा ने सभी सीटों पर चुनाव लड़कर कांग्रेस को हराने और भाजपा को जिताने का काम किया है। दिन में अखिलेख यादव, शिवपाल सिंह, रामगोपाल चाहे जितना भी मुख्यमंत्री के खिलाफ बोलें लेकिन रात को गुलदस्ता लेकर मुंख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के पास नाक रगड़ने को पहुंच जाते है।

बहजोई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नगर पहुंचने पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर का शहर आने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार के साथ बाइकों के काफिले से थाना बनियाठेर से कार्यकर्ता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए शहर के चुन्नी मुहल्ला पहुंचे, जहां पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश का फूलमाला पहनाकर निशा गौतम आदि ने स्वागत किया। उसके बाद उन्होंने खुर्जा गेट स्थित आंबेडकर पार्क में भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सपा मुस्लिम विरोधी है- समाजवादी पार्टी हमेशा मुस्लिम विरोधी है। हमेशा मुसलमानों का वोट लिया है उनको कुछ दिया नहीं है। बीस प्रतिशत मुस्लिमों का वोट लेकर नौ प्रतिशत वाले अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनते हैं। कोई भी मुस्लिम को डिप्टी सीएम नहीं बनाया और न हीं नौकरियों में मुस्लिमों को भर्ती कराया। उनकी जगह यादव समाज के लोंगों को भर्ती कराने का काम किया है।

## संपादकीय Editorial

### When will Jadrangal complex be built?

'Anger also needs the applause of some appreciative people, only sold out people can walk in the crowd.' Now the country has to be run by building a house for anger and that is why politics likes anger. The same anger reached Dharamshala in Himachal in support of BJP's vocal style, then the discussion reached the justice of Kangra. The surprising thing is that whether the pendulum of power swings towards Congress or supports BJP, the perspective of the debate towards Kangra always hinges on the sympathy of the opposition. This time, the Congress cabinet is weak for the BJP in the battlefield of Kangra because even after a year, only two leaders got a place in the government. The argument stands strongly in favor of BJP because this figure stood far ahead of it in the Jairam government. It is a matter of fact that in the race of two plus two, the ministers of Kangra had to leave their posts and on the basis of seniority, Kishan Kapoor had to go to Delhi, Vipin Singh Parmar to the Assembly Speaker and Ramesh Dhawala to the Planning Board. However, BJP is again agreeing with the sentiments of Kangra and is proving that this political platform is losing in the innings of Sukhu government. The biggest issue has been identified regarding the construction of Jadrangal campus of the Central University. Why did the Jadrangal complex, which was cleared after overcoming all the hurdles, political explanations, forest clearances and an endless series of geological measurements, get stuck in the measurement of Congress? The Aakrosh Rally not only asked directly, it also asked for the calculation as to when the work on the Jadrangal campus of the Central University will start and the expenditure of Rs 250 crore allocated for its construction. BJP's Kishan Kapoor and Shanta Kumar have already filed allegations of regional discrimination against the Sukhu government regarding the construction of the central university. Expressing surprise, BJP is asking that when all the permissions have been received, the government is making excuses for not paying the amount of Rs 30 crore to the Forest Department. The intellectual class is very angry over the delay in the construction of Dharamshala complex and has announced a big movement. In such a situation, during the winter session of the Assembly, the Central University will also participate with many issues for the opposition. Before the last winter session, BJP had told that this time it will support Kangra in the role of opposition.

This is the Kurukshetra of state politics which always comes to the Tapovan Assembly complex and reveals its address. The presence of Assembly in Tapovan is the Mecca of the political soil of this Kangra, otherwise power always finds its peak in Shimla. Virbhadra Singh had realized that the boats of power would pass only through the waters of Beas and this time again this strength was being tested. This Beas has handed over the reins of government to the current Chief Minister Sukhwinder Sukhu and this is also the reason why he associates Kangra with himself and himself with Kangra. He wants to make Kangra the tourism capital of Himachal, hence, under the biggest project of the century, he wants to expand Gaggal Airport as per international standards. It is true that Kangra's team is changing in its political criteria, but in this the backward aspect of Kangra's political character remains the same. No matter who is in power, the people of Kangra always play a major role in the formation of the government. This time, even though two ministers have come from Kangra, which gives a total of ten MLAs, the lag among the leaders continues. The fault lies less with the Shimla government and more with the leaders of Kangra.

# Judiciary: Burden that is not decreasing, immediate reforms necessary to avoid negative impact

According to central government data, more than five crore cases are pending in various courts across the country. More than 85 percent of these cases are pending in the district and subordinate courts. The increasing cases have a negative impact on the availability of justice to the common people. Immediate improvement is necessary in this. Although justice is an essential quality of all democratic systems, but in India its importance is much more than values like equality and freedom. This is because the Constitution of India has created a balance between democratic values and socialist principles. In this regard, it would be better to say that in India, distributive justice has been made the most important tool to protect the rights of the individual. Distribution of resources as per need is the constitutional goal of India. The mention of justice in the Preamble of the Constitution proves that there is no justification for political justice (protection of rights) without providing socio-economic justice. Now the question is what should be the intention of justice? In this regard, it would be appropriate to say that though justice should always be fair, but if it is delayed, it will become meaningless at the ground level. A major and very important reason for delay in justice is the increasing burden of pending cases in the courts. According to central government data, as of last July, more than five crore cases were pending in various courts across the country. More than 85 percent of these cases were pending in district and subordinate courts. According to the Union Minister for Law and Justice (Independent Charge), as of July 14, 60.62 lakh cases were pending in high courts and 4.41 crore cases were pending in subordinate courts. According to data obtained from the Integrated Case Management System, as of July 1, 69,766 cases were pending in the Supreme Court. However, recently the Chief Justice of India, citing the responsibility of the Supreme Court towards disposal of cases, has said that last year the Supreme Court of the country disposed of about 50 thousand cases and approximately the same number of cases were registered. That means there was no increase in the number of cases pending in the Supreme Court last year. The Chief Justice has also said that more than one constitutional bench was created in the Supreme Court at a time, so that the large number of pending constitutional cases could be disposed of. In 1979 itself, the Supreme Court had recognized the right to speedy trial in the case of Hussain Ara Khatoon vs. State of Bihar and included it in the right to life in Article 21 of the Constitution. The Court had said that speedy trial is the basic element of the criminal justice system and there is no doubt that delay in trial in itself amounts to denial of justice to a person. For the first time in the world, it was mentioned in Section 40 of Magna Carta in 1215 that 'We will not deny or delay anyone's right to justice.' Since Magna Carta is the first global charter of human rights, delay in access to justice also violates human rights. Similarly, the Sixth Amendment of the US Constitution, 1791 also mentions speedy trial. It states that in all criminal cases the right of the accused to a speedy trial by an impartial jury of the State and the District shall be protected. Overall, it is fair to say that speedy justice or trial is directly related to democratic values and dignity of human rights. Now if we look at the number of judges, the Union Law and Justice Minister has informed that the sanctioned number of judges has been increased to reduce the number of pending cases and speed up the hearing. In the last nine years, 56 judges were appointed to the Supreme Court. Similarly, 919 new judges were appointed in the High Courts and 653 additional judges were made permanent. The sanctioned strength of judges in high courts was 909 in 2014, which has now been increased to 1,114. On the other hand, the sanctioned strength of judges in district and subordinate courts was 19,518 in 2014, which has now been increased to 25,246. As far as judge-population ratio is concerned, India has 21 judges per million population. The Law Commission of India has recommended that this ratio should be 50 judges per million population. Due to low ratio, the workload on judges naturally increases, which not only affects judicial efficiency but also hampers the right to speedy trial. Increasing the number of judges by the government will definitely increase judicial efficiency and will also help in speedy availability of justice. It is noteworthy that in most of the cases the government is the plaintiff, the biggest reason for which is the work culture in the government sector not being efficient and the grievance redressal mechanism in the ministries and departments not being strong. This has a negative impact on the availability of justice to the common people. Immediate improvement is necessary in this. From the point of view of speedy hearing of cases, two steps taken by the government are highly commendable. First, the establishment of fast track courts, and second, the allocation of Rs 7,000 crore in the current financial year for the third phase of e-courts. It is noteworthy that there are 758 fast track courts functioning across the country, which includes 411 such courts for disposal of cases under the POCSO Act. Similarly, e-court Under the project, efforts are being made to increase the availability of justice at the grassroots level. It is noteworthy that the requirements of new laws have increased in the new changing environment. Under these circumstances, a large number of new disputed cases have come up under new or amended laws, due to which the problem of increase in the number of pending cases has become more serious. Another important point is that on many occasions procedural laws also create scope for delay in disposal of cases. Sometimes the judiciary takes time to interpret the actual meaning of a word used in law. Therefore there is a need to simplify the procedural laws. It is necessary to pay attention to all the issues holistically, only then injustice can be removed and meaningful justice can be given.

# Environment: Responsibility of developed countries, will have to contribute to achieve the target of fossil fuels

Developed countries will have to contribute generously to the Climate Fund to meet the fossil fuel target, otherwise it will remain a mirage. The recently concluded United Nations Climate Change Conference (COP 28) in Dubai called for an equitable and systematic transition from fossil fuels to the world's energy systems, which is being described as a victory for India compared to earlier conferences. . COP 28 provided a level playing field for India and other developing countries, while the COP 26 declaration held in Glasgow called for a 'phased-out continued coal power', which is critical to our energy needs. COP 26 did not mention fossil fuels like oil and gas, which are used by developed countries including the US. The 'Dubai Consensus' is being termed as a historic event, which has been signed by 200 countries. Critics, however, say this success may be short-lived, as coal, oil and gas production continues to grow and fossil fuel companies have been working on plans to increase production for decades. According to the data, many countries are still completely dependent on fossil fuels for revenue and economic growth, making the path forward difficult, but it is a good start to tackle the climate crisis. Environmental experts say India's strategy and policy is in line with the Dubai Declaration, which provides credibility and foresight to limits on allowing new and continued coal production in many countries. Prime Minister Narendra Modi has demonstrated his resolve to make climate action a collaborative process that leaves no one behind and takes all countries together to achieve the ultimate goal. India called upon every country to adopt the Dubai Consensus. Experts say India demonstrated through its presidency of the G-20 for climate action that its resolve is based on the principle of collective action, which ensures participation of every country. Cop 28 reflects India's philosophy of 'Vasudhaiva Kutumbakam'. India has already demonstrated its resolve to become carbon-neutral by 2070, so it has no plans to re-adopt coal-fired power stations before 2030. Due to the importance and pressure of India and China, the reference to 'limiting permission for new and uninterrupted coal based power generation' was removed from the Dubai Consensus document, which is in the interest of both the countries and beneficial in the long term. Experts suggest that developed countries will have to contribute generously to the fund aimed at achieving the fossil fuel target, otherwise it will remain a mirage. Critics have objected to the COP 28 agreement, which does not comprehensively detail all the factors required to meet future carbon emissions targets. Many scientists have raised concerns over carbon capture, which is still unproven. Analysts believe that the biggest drawback of COP 28 is the lack of commitment and resolve of developed countries towards providing adequate funds to climate-affected countries so that they can strengthen their economies besides moving towards renewable energy and addressing the climate crisis. Be able to adapt to increasing impacts and achieve net zero targets by 2050. The final draft of the agreement does not mention the earlier commitment by developed countries to provide $100 billion per year, which has not yet been fulfilled. Only $470 million has been committed, which needs to be increased. In this background, climate experts and scientists believe that developing countries have no other option but to move towards new goals. These countries are driven by their energy needs and weak economic conditions, so oil, gas and coal will continue to be used, although COP 28 may offer a way to understand the serious consequences of future climate disasters. Experts say India demonstrated through its presidency of the G-20 for climate action that its resolve is based on the principle of collective action, which ensures participation of every country. Cop 28 reflects India's philosophy of 'Vasudhaiva Kutumbakam'. India has already demonstrated its resolve to become carbon-neutral by 2070, so it has no plans to re-adopt coal-fired power stations before 2030. Due to the importance and pressure of India and China, the reference to 'limiting permission for new and uninterrupted coal based power generation' was removed from the Dubai Consensus document, which is in the interest of both the countries and beneficial in the long term. Experts suggest that developed countries will have to contribute generously to the fund aimed at achieving the fossil fuel target, otherwise it will remain a mirage. Critics have objected to the COP 28 agreement, which does not comprehensively detail all the factors required to meet future carbon emissions targets. Many scientists have raised concerns over carbon capture, which is still unproven. Analysts believe that the biggest drawback of COP 28 is the lack of commitment and resolve of developed countries towards providing adequate funds to climate-affected countries so that they can strengthen their economies besides moving towards renewable energy and addressing the climate crisis. Be able to adapt to increasing impacts and achieve net zero targets by 2050. The final draft of the agreement does not mention the earlier commitment by developed countries to provide $100 billion per year, which has not yet been fulfilled. Only $470 million has been committed, which needs to be increased. In this background.

# किसान दिवस पर सीएम योगी आएंगे मुरादाबाद, चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का करेंगे अनावरण





गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन की सभी तैयारियां पूरी करवाई जा रही है। जिला प्रशासन ने ढकिया नरू गांव के पास स्थित कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। डीएम और एसएसपी ने चौधरी चरण सिंह की निर्माणाधीन प्रतिमा का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसान दिवस के मौके पर मुरादाबाद में किसान नेता चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद बिलारी में जनसभा में भाग लेंगे। इसकी तैयारियों को लेकर गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने अधिकारियों के साथ बैठक की। सीएम के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने भी तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री बिलारी के गांव अभनपुर में बन रही पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। डीएम और एसएसपी ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ ढकिया नरू गांव के पास स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर मौके का जायजा लिया। डीएम और एसएसपी ने पहले चौधरी चरण सिंह की 51 फीट की ऊंची निर्माणाधीन प्रतिमा का बारीकी से अवलोकन किया। इसके बाद प्रतिमा के पीछे बन रहे भवनों का जायजा लिया। उन्होंने प्रतिमा के नीचे बन रहे चबूतरे के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही डीएम व एसएसपी ने हेलीपैड व मंच बनाने के स्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान आयोजकों ने कहा कि हेलीपैड बनने वाले खेत में मौजूद सरसों की फसल कट जाएगी। इसके साथ ही जनसभा के लिए बनने वाले मंच के पास खेत खड़ी गन्ने की फसल और पास ही खेत की मेड़ पर खड़े पेड़ को कटवाने होंगे। साथ ही जनसभा के लिए चुने गए खेतों की सिंचाई किसान नहीं करेंगे। डीएम ने एसडीओ विद्युत को जनसभा स्थल के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को भी शिफ्ट कराने के निर्देश दिए।

### डीएम ने ईई से पूछा, यह कैसी गड्ढामुक्त सड़क

डीएम सिरसी रोड हनुमान मंदिर से जब कार से ढकिया नरू के जंगल में निर्माणाधीन प्रतिमा स्थल की ओर जा रहे थे, तो रास्ते में कई स्थानों पर सड़क टूटी हुई व उखड़ी मिली। जूनियर हाईस्कूल के पास सड़क की जर्जर हालत देखने के बाद डीएम ने कार को रोकवाया। नीचे उतरकर उन्होंने सड़क की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सुनील कुमार से सवाल किया कि यह कैसी गड्ढा मुक्त सड़क है। ईई ने बताया कि गन्ना विभाग द्वारा सड़क का निर्माण कराया गया था। सड़क की मरम्मत के लिए गन्ना विभाग को धनराशि नहीं मिली है। इस पर डीएम ने दो दिन में सड़क को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

### वाहन पार्किंग के लिए व्यवस्था कराने के निर्देश


डीएम और एसएसपी ने आयोजकों को कार्यक्रम स्थल पर वाहन पार्किंग के लिए भी व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए। स्थानीय प्रशासन ने डीएम व एसएसपी को बताया कि कार्यक्रम स्थल तक आने के लिए एक रास्ता बिलारी व एक कुंदरकी की ओर आता है। बिलारी की ओर से आने वाले रास्ते पर वाहनों का अधिक दबाव रहेगा। आयोजकों को निर्देश दिए गए कि वाहन पार्किंग के लिए अलग से व्यवस्थाएं कराई जाएं, ताकि जाम न लगे। इसके लिए किसानों से बात कर समय पर खेत खाली कराए जाए। अभनपुर, सीलपुर, नगला कमाल, चांदपुर गनेश आदि की ओर से बिलारी चीनी मिल को आने वाले गन्ने से भरे वाहनों का 23 दिसंबर को रूट डायवर्ट करने के निर्देश भी दिए गए।

### जगदीप धनखड़ और हेमा मालिनी का भी आना तय

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी का 23 दिसंबर को बिलारी आना तय है। आयोजकों के अनुसार दोनों ने प्रतिमा अनावरण समारोह में आने के लिए सहमति दे दी है। हालांकि, समारोह में उत्तर प्रदेश के अलावा राजस्थान, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड सहित कई राज्यों से भी जाट समाज के नेताओं के पहुंचने की उम्मीद है।

23 को सुबह 11 बजे पहुंचेंगे मुख्यमंत्री- अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल चौधरी ने बताया कि मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय से सीएम के बिलारी आने का कार्यक्रम जिला प्रशासन को जारी हो गया है। महासभा पदाधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर से ढकिया नरू गांव के जंगल में स्थित प्रतिमा स्थल पर 23 दिसंबर की सुबह 11 बजे पहुंचेंगे। पहले मुख्यमंत्री पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। जितेंद्र सिंह के अनुसार सीएम करीब तीन घंटे समारोह में मौजूद रहेंगे।

# रामगंगा विहार कालोनी में मिनी सबमर्सिबल पंप खराब होने की भाजपा नेता ने नगर आयुक्त से की शिकायत



मुरादाबाद-भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल ने बुधवार को नगर आयुक्त संजय चौहान से मिलकर शिकायती पत्र सौंपा। उन्हें वार्ड-34 रामगंगा विहार, ईडब्ल्यूएस ट्रिपिल स्टोरी पार्क में लगा मिनी पंप समरसेबिल खराब होने के 40 दिन बाद भी सही न होने की शिकायत की।

उन्होंने कहा कि 10 नवम्बर को इसका बोरिंग फेल हो गया। इस मिनी पंप ( समरसेबिल ) से 11 ट्रिपिल स्टोरी बिल्डिंग के कुल 264 मकानों में पानी पहुंचता हैं। यह 264 मकान भूतल, प्रथम व द्वितीय तल पर बने हुए हैं, इसमें लगभग 250 परिवार रह रहे हैं। जब से समरसेबिल खराब हुआ हैं तब से आए दिन प्रेशर कम होने से प्रथम और दूसरी मंजिल तक पानी नहीं पहुंच रहा हैं जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दो सप्ताह में कई बार सुबह शाम लोगों के घरों की पानी की टंकियों में नाली का गंदा बदबूदार पानी आ जाता हैं, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं। नगर आयुक्त से इन समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

# 40,000 उपभोक्ताओं को 6 घंटे तक झेलना पड़ा बिजली का संकट

मुरादाबाद-दो दिन बाद सही हुआ नवीन नगर मोहल्ले में बिजली का पोल, आपूर्ति रही बाधित, गुलाबबाड़ी में फाल्ट के चलते 4 घंटे का लिया गया था शटडाउन महानगर के दो दर्जन से अधिक मोहल्ले के 40,000 उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति कई घंटे बाधित रही। इन क्षेत्रों में काफी संख्या में अस्पताल और स्वास्थ्य जांच केंद्र हैं। जो प्रभावित हुए। गुलाबबाड़ी 132 ट्रांसमिशन विद्युत उपकेंद्र पर दो दिन से फाल्ट ठीक करने का कार्य चल रहा था। मंगलवार को सुबह 4 घंटे का शटडाउन लिया गया था। जबकि 6 घंटे आपूर्ति बंद रही। कुछ मोहल्लों में इससे पानी की किल्लत भी बनी रही। नवीन नगर में गिरे बिजली के पोल को ठीक करने में दो दिन का समय लगा। इस दौरान आपूर्ति बाधित रही। मंगलवार को विद्युत वितरण खंड तृतीय में 30 फीडरों में 25 फीडर की आपूर्ति 6 घंटे लगातार बंद रही। जिससे एक साथ 40,000 उपभोक्ताओं को बिजली का संकट झेलना पड़ा। वहीं, बिजली कर्मचारियों ने ट्रांसमिशन विद्युत उपकेंद्र गुलाबबाड़ी पर दो दिन पहले हुए फाल्ट को ठीक करने को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक का शटडाउन लिया था। लेकिन मरम्मत का कार्य शाम 4 बजे तक भी पूरा नहीं हो पाया। लगातार लंबे समय तक कटघर, गुलाबबाड़ी, प्रभात मार्केट, गोविंद नगर, करूला, पीतल नगरी, पंडित नगला, लाजपत नगर, असालतपुरा भूड़े का चौराहा, ट्रांसपोर्ट नगर मोहल्लों में आपूर्ति ठप रही। बिजली कटौती वाले क्षेत्र में रोडवेज मार्ग और हरपाल नगर में काफी संख्या में अस्पताल और जांच केंद्र होने के कारण काफी भीड़ रहती है। जिससे मरीजों व तीमारदारों का परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं शाम 4 बजे कार्य पूरा बिना हुए ही आपूर्ति सुचारू की गई। वहीं, नवीन नगर में रविवार सुबह गिरे बिजली के पोल को सोमवार की रात 12 बजे बिजली कर्मचारी ठीक करने पहुंचे। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली कटौती की गई। ऐसे में बिजली से संबंधित कार्य पूरे दिन ठप रहे। सर्दी में बिजली की जरूरत ज्यादा महसूस नहीं होती, गर्मी होती तो बुरा हाल हो जाता। - कमलदीप, पीतल नगरी, हरपाल नगर में डॉक्टर के पास पत्नी को दिखाने गए। डाक्टर ने सिटी स्कैन कराने को कहा। सिटी स्कैन सेंटर पर बिजली न होने से काफी भीड़ थी। 3 बजे तक बिजली न आने पर वापस आना पड़ा। - मोहम्मद अकबर, करूला ,रविवार को गुलाबबाड़ी ट्रांसमिशन विद्युत केंद्र में फाल्ट हो गया था। जिससे दो दिन से कर्मचारी सही करने में लगे हैं। मंगलवार सुबह 10 से 2 बजे तक का शटडाउन लिया गया था। लेकिन काम 2 बजे तक पूरा नहीं हो पाया। जिसमें समय अधिक लगा है। 25 फीडरों की आपूर्ति लंबे समय तक बंद रही। अभी कार्य पूरा नहीं हुआ। शेष कार्य कम समय में पूरा हो जाएगा। -प्रेम कुमार, अधीक्षण अभियंता वितरण खंड तृतीय



# नए सिरे से लॉन्च होगी सोनकपुर योजना, नाम भी बदलेगा...एमडीए की बैठक में कई प्रस्तावों पर बनी सहमति



मुरादाबाद में पुरानी सोनकपुर योजना का नाम और लेआउट बदलकर नए सिरे से लॉन्च की जाएगी। इसका शिलान्यास 14 जनवरी को होगा। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद इस योजना को लॉन्च किया जाएगा। शहर के लोगों के लिए अभी तक खुला न रहने वाला आशियाना कॉलोनी का आंबेडकर पार्क अब आंबेडकर नेचर पार्क एवं लाइब्रेरी के रूप में जाना जाएगा। एमडीए बोर्ड की बैठक में वीसी शैलेष कुमार ने बताया वर्ष 2011 में सोनकपुर योजना लॉन्च की गई थी। अब इस योजना का नाम और लेआउट बदलकर नए सिरे से कार्य किया जा रहा है। इसका शिलान्यास 14 जनवरी को होगा। तेजी से विकसित किए जा रहे इस पार्क को 26 जनवरी तक शहरवासियों को सौंप दिया जाएगा। यह निर्णय कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में एमडीए सभागार में हुई बोर्ड की बैठक में लिया गया। इसके अलावा कई अन्य प्रस्तावों पर भी बोर्ड ने मुहर लगाई। इसके बोर्ड बैठक में पुनरीक्षित बजट भी रखा गया। पहले आय का 225 करोड़ का बजट रखा गया था। जिसे पुनरक्षित कर 429 करोड़ रुपये किया गया है। पहले 510 करोड़ का व्यय बजट रखा गया था। जिसे घटाकर 360 करोड़ रुपये कर बोर्ड के समक्ष रखा गया। जिसे बोर्ड ने पास कर दिया। बैठक में वीसी शैलेष कुमार, सचिव अंजूलता, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, एमडीए ओएसडी पारुल तरार, संपत्ति अधिकारी आरआर सिंह, अमित काद्यान, पंकज पांडे, नामित सदस्य राजू कालरा व विकास जैन आदि मौजूद रहे।

### सुविधाओं से लैस होगी योजना, होंगे 1600 प्लॉट

एमडीए बोर्ड की बैठक में वीसी शैलेष कुमार ने बताया वर्ष 2011 में सोनकपुर योजना लॉन्च की गई थी। लेकिन कुछ भूमि संबंधी विवाद के कारण योजना में शामिल भवन व प्लॉट बिक नहीं सके। 50 हेक्टेयर क्षेत्र वाली इस योजना में आवासीय, व्यावसायिक, नर्सिंग होम, स्कूल आदि के लिए करीब 1600 प्लॉट होंगे। इसके अलावा करीब डेढ़ सौ आवास भी होंगे। यहां वैजिटेबल प्लेटफार्म, आंगनवाड़ी, पोस्ट ऑफिस, ई-सुविधा सेंटर, बैंक, सार्वजनिक शौचालय, गारबेज कलेक्शन, विद्युत सब स्टेशन के लिए भी भूमि का प्रावधान किया गया है।

### ब्रेललिपि के बच्चे भी ले सकेंगे लाइब्रेरी का लाभ

शहर के बीच स्थित करीब 10 एकड़ क्षेत्र में बने आंबेडकर पार्क को चार करोड़ की लागत से विकसित कर पिकनिक स्पॉट का रूप दिया जा रहा है। बोर्ड की बैठक में इस पार्क के नाम के आगे नेचर पार्क एवं लाइब्रेरी जोड़ा गया है। इसमें लाइब्रेरी भी होगी। जिसमें ब्रेललिपि के बच्चे भी इसका लाभ ले सकेंगे। 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इस पार्क का संचालन फिक्स्ड रेवेन्यू शेयर एजेंसी करेगी।

### स्वीकृत ले-आउट से इतर निर्माण के भी पास हो सकेंगे नक्शे

प्राधिकरण की योजनाओं, स्वीकृत ले-आउट से अलग मानचित्र के नक्शे भी पास हो सकेंगे। इसकी स्वीकृति बोर्ड ने दी है। वीसी ने बताया कि इससे आम लोगों के आवासीय निर्माण वैध हो सकेंगे। जिससे वह अपने प्लॉट पर मानचित्र स्वीकृत कराकर वैध निर्माण भी करा सकेंगे।

### एक से अधिक प्लॉटों को मिलाकर बनाने का पास होगा नक्शा

वीसी ने बताया कि आम तौर पर यह देखा जाता है कि स्वीकृत योजना के एक से अधिक प्लॉटों को मिलाकर लोग भवन का निर्माण करा लेते हैं। जिससे उनका निर्माण अवैध की श्रेणी में हो जाता है। लोगों की सुविधा के लिए आवासीय ले-आउट प्लान में एक से चार प्लॉटों को मिलाकर और व्यावसायिक प्लॉटों को मिलाकर निर्माण की स्वीकृति शर्तों के अधीन दिए जाने का प्रस्ताव बोर्ड ने पास किया।

### एकता विहार दक्षिणी का संशोधित ले-आउट स्वीकृत

एकता विहार दक्षिणी योजना में स्कूल की जमीन के आसपास उपलब्ध भूमि को समायोजित करते हुए योजना के ले-आउट में आंशिक संशोधन किया गया है। 7235.31 वर्ग मीटर भूमि हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए एक भूखंड और रिटेल शॉप के लिए 76.147 वर्ग मीटर के आठ प्लॉट के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# मोहम्मद यूसुफ मिंटो और शादाब शेख ने बताया मोहम्मद शाहनबाज हुसैन अपने बिहार का नाम भी रोशन किया



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मोहम्मद यूसुफ खान मिंटो और शादाब शेख ने बताया एक बिहार के छात्र मोहम्मद शाहनबाज हुसैन ( बी.साइंस विषय गणित ने किया अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ साइंस गणित में अपनी क्लास में फर्स्ट सेमेस्टर और सेकेंड सेमेस्टर में सब से ज्यादा नंबर से पास किया ..!मोहम्मद यूसुफ मिंटो और शादाब शेख ने बताया मोहम्मद शाहनबाज हुसैन अपने बिहार का नाम भी रोशन किया ..!मोहम्मद शाहनबाज़ हुसैन ने बताया मेरे बड़े भाई मोहम्मद यूसुफ खान मिंटो और शादाब शेख ने हर तरह से मेरी मदद की और करते भी अब भी और मोहम्मद यूसुफ खान मिंटो भाई मुझे बहुत ज्यादा जल्दी में अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी मोहम्मद हबीब हॉस्टल दिलवाया और मोहम्मद शाहनबाज हुसैन ने बताया हॉस्टल मिलना बहुत ज्यादा मुश्किल था लेकिन मोहम्मद यूसुफ खान मिंटो भाई ने प्रोवोस्ट सर, प्रोफेसर मुजाहिद सर जो हबीब हॉल के वार्डन हैं उन से बात की और प्रोफेसर मुजाहिद सर ने भी हर तरह से सपोर्ट किया मोहम्मद शाहनबाज हुसैन ने बताया न्यू एडमिशन वाले स्टूडेंट्स को जल्दी में हॉस्टल नहीं मिलता कम से पहले साल या दूसरे साल में पूरा होने के बाद अल्हम्दुलिल्लाह मुझे बहुत जल्दी में हॉस्टल मिल गया..! मोहम्मद यूसुफ खान मिंटो ने बताया मोहम्मद शाहनबाज हुसैन ने अपने बैचलर साइंस गणित में बहुत अच्छे नंबर से पास होने की खुशी में खानाने की दावत दी ..! मोहम्मद शाहनबाज़ हुसैन और शादाब शेख ने बताया मोहम्मद यूसुफ खान मिंटो भाई हर किसी की मदद करने के लिए सब से आगे रहते हैं जितना भी उनसे होता है करते रहते हैं ..!

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यशाला का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

शामली विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंध नगर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अरुण ग्रामोद्योग संस्थान कानपुर द्वारा जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ शामली राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल प्रमुख मोहम्मद याकूब के द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने बालिकाओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया विद्यालय की कक्षा 12 की बालिकाओं भूमिका मानवी चेतना तनु तान्या साक्षी नव्या लविषा पलक वंशिका शिल्पी रिया मलिक सिया सद्र इकरा इशा काजल आरती अंशिका अविष्का खुशी महिमा राधिका



सलोनी अंशिका शालू रिया मलिक ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति का सर्वस्व समाप्त कर देता है आज के युवाओं को नशे से होने वाली हानियों के प्रति जागरूक होना होगा और आगे बढ़ना होगा नशा विनाश का कारण होता है हमें इस भयंकर महामारी को रोकना होगा और उसके लिए आवश्यक प्रयास करना होगा। आज के युवा देश का भविष्य है यदि वही नशे की लत में पड़ जाएंगे तो देश का भविष्य डूब जाएगा। युवाओं को उसके प्रति जागरूक होना होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रविंद्र कुमार जी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और बालिकाओं को उनके मार्ग मार्गदर्शन पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य श्रीमान संजीव कुमार संदीप कुमार अमित कुमार मोहित शर्मा कविता गुप्ता अनीता मलिक सुरभि मित्र उपासना बंसल वंदना पुंडीर पंकज बंसल दिव्या शर्मा मोनिका बालियान विकास कुमार कपिल वशिष्ठ रवि कुमार राहुल गिरी धर्मेंद्र कुमार नीलम पाल आदि आचार्य गण उपस्थित रहे।

# शामली में आपराधिक वारदातों पर कसेगा शिकंजा कैमरे से होगी शहरी क्षेत्र की निगरानी

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

शामली अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है शहरी क्षेत्र में लगाई जा रहे हैं 700 सीसी टीवी कैमरे से अब अपराधियों के लिए शहरी क्षेत्र में वर दाताओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस पर निशा 700 कैमरे स्थापित करने का लक्ष्य रखा है जिनमें से 400 कैमरे लगाए जा चुके हैं कस्बे में पुलिस द्वारा जिन प्वाइंटों को चिन्ह किया गया था उन पर सीसी टीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं शामली बस स्टैंड कांडला बस स्टैंड क्षेत्र को भी सीसीटीवी कैमरे से लेंस किया गया है जिनका कंट्रोल रूम




कोतवाली में बनाया गया है जहां पाल-पाल की गतिविधियों पर पहली नजर रखी जाएगी पेनी नजर रखी जाएगी चौक बाजार इमामी चौकी क्षेत्र समेत बाड़ी क्षेत्र को भी कैमरे से कर किया गया है जिनका कंट्रोल रूम अलग-अलग स्थान पर बनाया गया है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों पर तेजी से सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराई जा रहे हैं जिनका कंट्रोल रूम धार्मिक स्थलों मैं ग्राम पंचायत कार्यालय को मनाया गया है गांव पार्टी कला भूरा गोगवान नांगल राय ऊंचा गांव दबेडी खुद आदि गांव में कैमरे स्थापित किया जा चुके हैं शेष स्थानों पर भी जल्द कैमरे लगाए जाएंगे कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया पुलिस प्रशासन द्वारा न्यायालय की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए मुख्य मार्ग पर न्यायालय द्वारा के बाहरी पॉटी जेट कैमरे लगाए गए हैं साथ ही उन्हें कर करने के लिए अलग से एक अन्य कैमरा लगाया गया है जिसमें हर समय कड़ी निगरानी रखी जाएगी

# सदस्यता अभियान को लेकर जिला इकाई की बैठक संपन्न



क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी

हनुमना । मऊगंज भारती किसान संघ महाकौशल प्रांत जिला मऊगंज की बैठक संघ कार्यालय मऊगंज में संपन्न हुई ।कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता एवं भगवान बलराम के चित्र पर धूप दीप पुष्प अर्पित कर पूजा किया गया तत्पश्चात आए हुए

अतिथियों का तिलक बंदन किया गया जिसमें मऊगंज , हनुमना , नईगढ़ी , देवतालाब इन चारों तहसीलों के भारतीय किसान संघ से जुड़े अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता के साथ गजराज सिंह प्रांत अध्यक्ष भरत पटेल , प्रांत संगठनमंत्री हरिशंकर पाण्डेय, जिला अध्यक्ष मऊगंज पुष्पराज सिंह , जिला मंत्री अरुणेंद्र सिंह , जिला उपाध्यक्ष रण बहादुर सिंह , मुंद्रिका प्रसाद मिश्रा , छोटेलाल द्विवेदी , तहसील अध्यक्ष आदि लोगों के साथ सदस्यता अभियान को लेकर एक आवश्यक बैठक की गई जिसमें गजराज सिंह प्रांत अध्यक्ष भरत पटेल प्रांत संगठन मंत्री हरिशंकर पाण्डेय जिला अध्यक्ष मऊगंज आदि लोगों ने अपने अपने विचार रखे जिसमें सभी तहसीलों में अधिक से अधिक लोगों को भारतीय किसान संघ के सदस्यता अभियान से जोड़ने की बात कही गई एवं उपस्थित सभी तहसील अध्यक्षों को पत्रक के साथ सदस्यता पंजी दी गई वहीं जिला अध्यक्ष मऊगंज हरिशंकर पाण्डेय को हनुमना तहसील के अपने गृह ग्राम में बृहद जैविक खेती करने के लिए गजराज सिंह प्रांत अध्यक्ष द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।

# न्यायालय के आदेशों की धज्जियां उड़ाते लेखपाल

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-एटा,राम नाम की लूट है लूट सके लूट यह कहावत आज के जिला प्रशासन पर सही साबित होती है की किस तरह एक लेखपाल के इशारे पर तहसील व जिला प्रशासन गुमराह हो रहा है मामला ग्राम उमेदपुर रिजॉ थाना सकेत क्षेत्र का है यहां के एक रिटायर्ड लेफ्टिनेंट फौजी व्यक्ति द्वारा अपनी जमीन को बचाने के लिए दीवानी न्यायालय में मुकदमा दायर किया और स्थगन आदेश प्राप्त किया माननीय न्यायालय के आदेश की तमिल लेखपाल व ना तहसीलदार पर हुई लेकिन न्यायालय के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए लेखपाल के सहारे पर स्वास्थ्य विभाग अपना निर्माण कार्य कर रहा है जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी से



इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कह दिया कि हम न्यायालय को नहीं जानते हम तो लेखपाल और तहसीलदार की रिपोर्ट को मानते हैं उक्त फौजी व्यक्ति ने न्यायालय माननीय उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश जिलाधिकारी महोदय एसपी महोदय सभी से न्यायालय के आदेश का अनुपालन करने की गुहार लगाई है लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पाठ वाला आ रहा है लेखपाल के आगे सब बोन साबित हो रहे हैं इसी लेखपाल मोहित यादव ब नायब तहसीलदार के खिलाफ थाना कोतवाली नगर एटा में 420 बा हेरा फेरी का मुकदमा भी दर्ज है लेकिन अफसोस की पुलिस ने आज तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया है

# गोपनीय बुकलेट गायब, जुगेन्द्र के खिलाफ अभियोग था पंजीकृत, कराई एफ आई आर

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- कोतवाली देहात में तैनात सिपाही ने गोपनीय बुकलेट गायब कर दी। विवेचना के दौरान जानकारी की गई। गोपनीय बुकलेट नहीं मिली। इसके बाद मामले की जांच सीओ सिटी ने की। सीओ की जांच के बाद एसएसपी के आदेश पर एसएचओ ने सिपाही के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। 21 वर्ष बाद इस मामले में कार्रवाई की गई है। एसएचओ कोतवाली देहात नित्यानंद पांडेय ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि तत्कालीन थानाध्यक्ष सीताराम द्विवेदी ने थाना सकीट में 20 फरवरी 2002 को दाखिल फर्द, बरामदगी माल एक गोपनीय रिकार्ड बुकलेट जो केवल राजकीय प्रयोग के लिए पुलिस



प्रबंध सामान्य निर्वाचन फरवरी 2002 गिरफ्तारी अभियुक्त के दाखिल की गई थी। दाखिल फर्द में माल बरामदी के आधार पर तत्कालीन कांस्टेबल गिरजेश कुमार कोतवाली देहात की ओर से चिक संख्या शासकीय गुप्त अधिनियम बनाम जुगेन्द्र सिंह यादव पुत्र लालाराम यादव निवासी अमृतपुर जसरथपुर के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। वादी मुकदमा द्वारा मुकदमें से संबंधित माल एक पुलिंदा सील सर्वे मुहर मय नमूना एक गोपनीय रिकार्ड बुकलेट केवल राजकीय प्रयोग के लिए पुलिस प्रबंध सामान्य निर्वाचन फरवरी 2002 को कोतवाली देहात के तत्कालीन कांस्टेबल गिरजेश कुमार को दिया गया था। जिसका खुलासा रपट संख्या में सीसी ने 20 फरवरी 2002 को किया गया था। उक्त माल का विवरण कोतवाली देहात के अभिलेखों में अंकित होना नहीं पाया गया है। मामले की जांच सीओ सिटी विक्रांत द्विवेदी ने की थी। जांच में सिपाही गिरजेश को दोषी माना। जिसकी रिपोर्ट एसएसपी को भेजी गई। एसएसपी ने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। कोतवाली देहात प्रभारी ने आरोपी सिपाही के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिपाही वर्तमान में आगरा में तैनात है।

# शासन में पहुंची चने और गेहूं मामले की शिकायत

क्यूँ न लिखूँ सच-निशाकांत शर्मा

एटा- जैथरा में चना और गेहूं के मामले की शिकायत शासन में की गई। अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठोर ने गहनता से जांच कराए जाने की मांग की है। अधिकारियों की ओर से हुई जांच पर भी प्रश्नचिन्ह उठाए है। एक ही मामले में दो लोगों पर कार्रवाई कर दी गई। इसके बाद भी मालिक का पता नहीं चल सका। विधायक सत्यपाल सिंह राठोर ने प्रमुख सचिव कृषि को पत्र दिया है। इसमें कहा है कि 12 दिसंबर को जैथरा भारी मात्रा में गेहूं का बीज त 14 दिसंबर चनों से भरा एक ट्रक पुलिस की ओर से पकड़ा गया था। आपूर्ति विभाग एवं मण्डी समिति के अधिकारी/कर्मचारियों की टीम को जाँच में दरियावगंज मार्ग स्थित एक मकान में भी चना के अतिरिक्त पैकेट मिले थे। जांच करने वाली टीम मालिक को नहीं खोज पाई। आरोप है कि मामले को दबाने की मंशा से ट्रक में पकड़े गए चना को बिना मालिक के ही चालक की सुपुर्दगी में दे दिया गया। जुर्माना की कार्रवाई भी ट्रक चालक पर की गई। सैंपल एक अन्य व्यक्ति के नाम भरा गया। रिपोर्ट आने से पहले ही चने को छोड़ दिया। बीज के अनाज पर विषैले रसायन का प्रयोग होता है। ऐसे में यह चना बाजार में बिक्री कर दिया गया तो स्वास्थ्य पर संकट उत्पन्न होगा।

# दिल्ली में देश भर से जुटे हजारों की संख्या में युवाओं के द्वारा नए संसद भवन का घेराव किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

